देवा ओ देवा

देवा ओ देवा श्याम प्रभु देवा,
तू ही बनाये बिगड़े काम जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय श्री श्याम जय जय श्री श्याम,

हे दुःख भन्जन मोरवी नंदन सुन ले विनीत आया हु द्वार,
तेरी चौखट सच्चा सोना बाकि दुनिया सब बेकार,
ध्याऊ मैं तुझको सुबह और शाम जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय श्री श्याम जय जय श्री श्याम,

जग से जो हारे प्रभु तू ही तारे आये शरण जो देता सहारे,
डूबती नैया बिन माजी के नाम तेरा ही पार उतारे,
तेरी ही पूजा पहला काम जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय श्री श्याम जय जय श्री श्याम,

दुःख के बदल जब मंडराए नीले चढ़ कर तू आ जाए,
विकास के सारे दुःख मिट जाए मोर छड़ी जब तू लहराए,
सच्चा है ये खाटू धाम जप रहे है सभी तेरा नाम,
जय जय श्री श्याम जय जय श्री श्याम,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15066/title/deva-o-deva-shyam-prabhu-deva

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |